बिहार लोक सेवा आयोग

15, नेहरू पथ (बेली रोड), पटना–800001

अल्पकालीन निविदा सूचना

बिहार लोक सेवा आयोग, पटना के वर्ष 2021–2022 के वार्षिक–प्रतिवेदन की 550 (पाँच सौ पचास) प्रतियाँ मुद्रण हेतु मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है।

कार्य की प्रकृति (Scope of work)

(1) वार्षिक–प्रतिवेदन का कभर मल्टीकलर प्रिन्टिंग, आर्ट बोर्ड (300 GSM) पर होना चाहिए।
(2) अन्दर के पृष्ठ आर्ट पेपर पर टेक्स्ट ब्लैक एण्ड व्हाईट प्रिन्टिंग (130 GSM) होनी चाहिए।
(3) कुल पृष्ठों की संख्या लगभग 70–80 होगी।
(4) बाईंडिंग– स्पाईरल बाईंडिंग नहीं होगी, कभर बाईंडिंग मल्टीकलर प्रिन्टिंग, आर्ट बोर्ड की होगी।
(5) मुद्रण कार्य सुन्दर, स्वच्छ और स्पष्ट एवं त्रुटिरहित होना चाहिए।
(6) कार्यादेश के बाद 07 दिनों के अन्दर मुद्रित सामग्री की आपूर्ति करनी होगी।

निविदादाता तकनीकी एवं वित्तीय निविदा दो अलग–अलग लिफाफे में डालेंगे एवं लिफाफे पर तकनीकी/वित्तीय निविदा अंकित करेंगे। दोनों लिफाफे को एक बड़े लिफाफे में डालकर कंडिका–**(B)** में वर्णित पते पर सीधे/निबंधित/स्पीड पोस्ट से इस प्रकार भेजेंगे की वह दिनांक–08.11.2023 को अपराहन 05.00 बजे तक आयोग कार्यालय को प्राप्त हो जाय। प्रत्येक लिफाफे पर निविदादाता अपना नाम/फर्म का नाम एवं पता अंकित करेंगे। उक्त बड़े लिफाफा के ऊपर **"वर्ष 2021–2022 के वार्षिक प्रतिवेदन मुद्रण हेतु निविदा आवेदन।"** स्पष्ट रूप से अंकित किया जाय।

(A) तकनीकी निविदा के लिफाफा में निम्नलिखित कागजात निविदादाता समर्पित करेंगे:–

1. छपाई का नमूना
2. कागज का नमूना
3. आवरण पृष्ठ का नमूना
4. पैन कार्ड की स्व–अभिप्रमाणित छाया–प्रति।
5. जी0एस0टी0 निबंधन प्रमाण–पत्र की स्व–अभिप्रमाणित छाया–प्रति।
6. निविदाकर्ता के नाम से प्रिन्टिंग प्रेस होने संबंधी प्रमाण पत्र।
7. निविदादाता को जमानत राशि के रूप में 2,000/– रूपये का बैंक ड्राफ्ट "Secretary, Bihar Public Service Commission, Patna" के नाम से निविदा आवेदन के साथ जमा करना होगा। निविदा की कार्रवाई के उपरान्त न्यूनतम दर के साथ **उत्तम गुणवत्ता** वाले फर्म को छोड़कर अन्य सभी फर्म कि जमानत राशि का बैंक ड्राफ्ट उन्हें लौटा दिया जायेगा।

(B) विहित प्रपत्र में दर अंकित करते हुए वित्तीय निविदा के लिफाफे में निविदादाता प्रपत्र समर्पित करेंगे। विहित प्रपत्र आयोग के वेबसाईट **www.bpsc.bih.nic.in** पर इस निविदा के साथ संलग्न है।

मुहरबंद निविदा निम्नांकित पते पर निविदादाता भेज सकते हैं।

पताः–

संयुक्त सचिव, (विज्ञापन प्रशाखा)
बिहार लोक सेवा आयोग,
15, नेहरू पथ (बेली रोड), पटना–800001

निविदा आयोग कार्यालय में सीधे/निबंधित/स्पीड पोस्ट से भेजी जा सकती है। निर्धारित समय सीमा के उपरान्त निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।

निविदा दिनांक–09.11.2023 को अपराह्न 04.00 बजे सचिव–सह–परीक्षा नियंत्रक, बिहार लोक सेवा आयोग, पटना के कार्यालय कक्ष में खोला जायेगा। उक्त समय पर निविदादाता या उनके प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते हैं। बिना कारण बताये निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत/रदद् करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा।

31/10/23
संयुक्त सचिव,
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना।

बिहार लोक सेवा आयोग, पटना

निविदा प्रपत्र

1. प्रतिष्ठान का नाम :...
2. प्रोपराईटर का नाम :...
   (हिन्दी में) :...
   (अंग्रेजी के बड़े अक्षरों में) :...
3. पत्राचार का पता :...
   :...
   :...
4. फोन एवं मोबाईल नं० :...
5. अग्रधन की राशि का ब्यौरा :...
   बैंक का नाम, बैंक ड्राफ्ट सं० :...
   तिथि एव राशि :...
6. प्रतिष्ठान का पैन सं० :...
7. प्रतिष्ठान का जी०एस०टी० सं० :...
8. आयोग द्वारा प्रकाशित निविदा में वर्णित कार्य प्रकृति (Scope of work) के अनुसार वार्षिक प्रतिवेदन की 550(पाँच सौ पचास) प्रतियाँ मुद्रण में कुल खर्च का दर (GST को छोड़कर) :...रूपये।
   शब्द में :...रूपये।

घोषणा

मैं..एतद् द्वारा घोषणा करता हूँ कि उपरोक्त सभी कथन सत्य है एवं निविदा की शर्तों के अनुसार कार्य संपादित करूंगा किसी प्रकार की भूल/त्रुटि होने एवं निविदा की शर्त के विरूद्ध कार्य संपादित होने पर आयोग निविदा रदद् करने एवं अग्रधन की राशि जब्त करने के साथ–साथ काली सूची में दर्ज करने के लिए स्वतंत्र होगा।

दिनांक–............................

स्थान–............................

निविदादाता का हस्ताक्षर